10. देश और प्रान्त

तुम यह तो जानते ही हो कि हम मध्यप्रदेश में रहते हैं और मध्यप्रदेश भारत का एक प्रान्त है। नक्शे में तुम्हें यह साफ दिख रहा होगा। एक ही जगह पर रहते हुए हम लोग प्रान्त में भी रहते हैं और भारत में भी। यह इसलिए कि मध्यप्रदेश भारत का एक भाग है। इसका मतलब यह है कि हर जगह जो मध्यप्रदेश में है वो भारत में भी होगी। लेकिन भारत तो मध्यप्रदेश से बहुत बड़ा है और उसके बहुत सारे हिस्से मध्यप्रदेश के बाहर हैं। जिस तरह से मध्यप्रदेश एक प्रान्त है भारत के बाकी हिस्से भी प्रान्तों में बंटे हुए हैं।

अगले पृष्ठ के नक्शे में इन प्रान्तों को पहचानकर उनके नाम लिख दो। गुरुजी से कहो भारत का नक्शा कक्षा में टांग दें तो तुम्हें प्रान्त पहचानने में आसनी होगी।

इन प्रान्तों के गांवों और शहरों में बहुत सारे लोग रहते हैं। कितने लोग रहते होंगे क्या तुम अनुमान लगा सकते हो! इसके बारे में गुरुजी से चर्चा करो।

नक्शे में भारत से लगे हुए दो देश, पाकिस्तान और नेपाल भी दिखाये गये हैं।

इनमें से कौन-सी जगहें भारत में हैं, कौन सी मध्यप्रदेश में और कौन सी दूसरे प्रान्त या दूसरे देश में हैं- तालिका में भरो–

क्र. जगह का नाम	मध्यप्रदेश में	दूसरे प्रान्त में	भारत में	दूसरे देश में
1. काठमाण्डू				
2. उदयपुर				
3. कराची				
4. भोपाल				
5. जबलपुर				
6. विजयवाड़ा				
7. इस्लामाबाद				
8. इटारसी				
9. दिल्ली				
10. भुसावल				
11. लाहौर				
12. कपिलवस्तु				
13. कलकत्ता				
14. डिब्रूगढ़				
15. कानपुर				


भारत और उसके प्रान्त
इस्लामाबाद
पाकिस्तान
लाहौर
दिल्ली
कपिलवस्तु
काठमाण्डू
नेपाल
डिब्रूगढ़
कानपुर
उदयपुर
भारत
बंगलादेश
भोपाल
जबलपुर
इटारसी
कलकत्ता
भुसावल
विजयवाड़ा
श्रीलंका

भारत की कौन सी जगहें मध्यप्रदेश में नहीं हैं ?

तालिका देख कर बताओ कौन सी जगहें दूसरे देश में है ?

एक नये दोस्त से मिलो

राकेश एक लड़का है जिसके पिताजी रेलवे में काम करते हैं और उनकी बदली होती रहती है। वे कुछ साल एक जगह पर रहते हैं और फिर उनकी बदली हो जाती है और वे दूसरी जगह चले जाते हैं। इस तरह राकेश उनके साथ कई जगहों पर रह चुका है। सन् 1974 में वह इटारसी में था, सन् 1981 में वह विजयवाड़ा गया और सन् 1984 में भुसावल पहुंच गया।

राकेश कितने साल मध्यप्रदेश में रहा और वे कौन-कौन से साल थे?

अब देखें तुम अपने नये दोस्त के बारे में क्या-क्या जान गये हो।

बताओ नीचे लिखे कथन सही हैं या गलत-

सन 1981 में राकेश भारत में रहता था।

सन 1982 में राकेश मध्यप्रदेश में रहता था।

सन 1974 से 1984 के बीच राकेश कई प्रान्तों में घूमा।

सन 1984 में राकेश महाराष्ट्र गया।

क्या तुम पीछे दिये गये नक्शे में राकेश की यात्रा का पथ लकीर से खींच कर बता सकते हो?